www.summerexpress.in

दा SUMMER न्यूज़

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 5:32 बजे
सूर्यास्त शाम 7:33 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-311 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • बुधवार 15, जुलाई 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु

## न्यूज़ ब्रीफ

### चिराग यूएस एयरफोर्स एकेडमी में पहले सिख

**वॉशिंगटन|** चिराग वीर सिंह सराओ अमेरिका की प्रतिष्ठित यूएस एयर फोर्स एकेडमी में प्रवेश पाने वाले पहले सिख-अमेरिकी कैडेट बन गए हैं। वह धार्मिक आस्था के अनुरूप दस्तार (पगड़ी) व दाढ़ी के साथ प्रशिक्षण लेने की अनुमति प्राप्त करने वाले पहले सिख कैडेट हैं। इस उपलब्धि का सिख समुदाय व भारतीय मूल के लोगों ने स्वागत किया है। चिराग ने कहा कि वह देश की सेवा करते हुए धार्मिक पहचान व मूल्यों को कायम रखना चाहते हैं।

### हाफिज सईद के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी

**जम्मू|** पहलगाम आतंकी हमले के मामले में पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा सरगना हाफिज सईद के खिलाफ जम्मू की विशेष अदालत ने गैर-जमानती वारंट जारी किया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आरोपपत्र में हाफिज सईद को हमले की साजिश रचने और भारत के खिलाफ युद्ध जैसी गतिविधियों में शामिल होने का आरोपी बनाया है। हाफिज पर प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा और उसके सहयोगी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट के प्रमुख के रूप में सीमा पार से आतंकवादी साजिश रचने का आरोप है।

### पंजाब-हरियाणा के टोल प्लाजा पर बढ़ा शुल्क लागू

**चंडीगढ़|** पंजाब और हरियाणा के आठ प्रमुख टोल प्लाजा पर 15 जुलाई से संशोधित टोल दरें लागू हो गई हैं। नई दरों के अनुसार कार, बस, ट्रक और अन्य व्यावसायिक वाहनों को पहले की तुलना में अधिक टोल शुल्क देना होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के निर्देशों के तहत यह संशोधन लागू किया गया है। बढ़ी हुई दरें संबंधित टोल प्लाजा पर प्रभावी हो गई हैं और वाहन चालकों से नई दरों के अनुसार शुल्क वसूला जा रहा है।

### पोक्सो के दुरुपयोग पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

**नई दिल्ली|** सुप्रीम कोर्ट ने पोक्सो (बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण) अधिनियम के कथित दुरुपयोग को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि 15 से 18 वर्ष की आयु ऐसा समय होता है, जब किशोर नई चीजें सीखते और अनुभव करते हैं। यदि कोई लड़का और लड़की अपनी इच्छा से घर छोड़ देते हैं, तो सरकार इसे कैसे रोक सकती है। कई बार परिवार सामाजिक दबाव या असहमति के कारण पोक्सो कानून का सहारा लेते हैं, जिससे सहमति वाले संबंध भी आपराधिक मुकदमों में बदल जाते हैं।

राजा वड़िंग के इस्तीफे की चर्चाओं के बीच संगठनात्मक फेरबदल पर मंथन, चन्नी और रंधावा के नाम पर भी स्पष्ट संकेत नहीं

# पंजाब कांग्रेस में बदलाव की अटकलें राहुल और खरगे की बैठक पर निगाहें

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़/नई दिल्ली**

पंजाब कांग्रेस में जारी अंदरूनी खींचतान के बीच मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की बैठक ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, बैठक में पंजाब कांग्रेस के संगठनात्मक हालात, आगामी रणनीति और 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। हालांकि बैठक के बाद पार्टी की ओर से किसी बड़े फैसले की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई।

पिछले कुछ दिनों से ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। हालांकि अब तक न तो वड़िंग और न ही कांग्रेस हाईकमान ने इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि की है। पार्टी नेताओं का कहना है कि नेतृत्व परिवर्तन को लेकर मीडिया और राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं जरूर हैं, लेकिन अंतिम निर्णय केवल हाईकमान ही करेगा।

पंजाब कांग्रेस पिछले कई सप्ताह से दो प्रमुख खेमों में बंटी दिखाई दे रही है। एक ओर प्रदेश अध्यक्ष राजा वड़िंग का नेतृत्व है, जबकि दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, सुखजिंदर सिंह रंधावा और उनके समर्थक संगठनात्मक बदलाव की मांग उठा चुके हैं।

असंतुष्ट नेताओं का तर्क है कि पार्टी को विधानसभा चुनाव से पहले मजबूत संगठन और सामूहिक नेतृत्व की जरूरत है। इसी मुद्दे को लेकर हाल में कांग्रेस के पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल ने दोनों पक्षों से अलग-अलग बातचीत भी की थी। हालांकि कांग्रेस नेतृत्व लगातार यह संदेश देता रहा है कि मतभेदों को बातचीत के जरिए सुलझाया जाएगा। भूपेश बघेल पहले भी स्पष्ट कर चुके हैं कि प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करना 'गुड्डे-गुड़िया का खेल' नहीं है और हाईकमान के फैसले पर किसी दबाव का असर नहीं पड़ेगा।



### राहुल गांधी पर रहेगा फोकस

*दिल्ली में हुई बैठक के बीच पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल का यह बयान भी चर्चा में है कि पंजाब में कांग्रेस का सबसे बड़ा चेहरा राहुल गांधी हैं और पार्टी उन्हीं के नेतृत्व में 2027 का चुनाव लड़ेगी। इसे हाईकमान की ओर से गुटबाजी पर नियंत्रण और एकजुटता का संदेश माना जा रहा है।*

### चन्नी और रंधावा के नाम पर भी संशय

*राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि यदि संगठन में बदलाव होता है तो नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कई नामों पर विचार किया जा सकता है। हालांकि पार्टी सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल चरणजीत सिंह चन्नी या सुखजिंदर सिंह रंधावा को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के स्पष्ट संकेत नहीं हैं। हाईकमान संगठन और चुनावी समीकरणों को ध्यान में रखते हुए सभी विकल्पों पर विचार कर रहा है। इस बीच कुछ नेताओं का मानना है कि चुनाव अभियान समिति और संगठनात्मक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाकर आगे बढ़ने की रणनीति अपनाई जा सकती है।*

### आधिकारिक फैसले का इंतजार

*बैठक के बाद भी कांग्रेस ने किसी नेतृत्व परिवर्तन की औपचारिक घोषणा नहीं की है। इसलिए राजा वड़िंग के इस्तीफे या नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति संबंधी दावों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि पंजाब संगठन को लेकर अंतिम निर्णय हाईकमान उचित समय पर करेगा। फिलहाल सभी नेताओं की नजर दिल्ली से आने वाले अगले आधिकारिक फैसले पर टिकी हुई है।*

# बेअदबी के आरोपी की गर्दन काट कर हत्या

**फतेहगढ़ साहिब में जमानत पर जेल से बाहर आया था, पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की**

**समर न्यूज़। फतेहगढ़ साहिब**



पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले में बेअदबी के एक मामले में आरोपी रहे व्यक्ति की धारदार हथियार से गर्दन काट कर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, मृतक हाल ही में संबंधित मामले में जमानत पर जेल से बाहर आया था।

जानकारी के मुताबिक, हमलावरों ने उस पर कृपाण जैसे धारदार हथियार से हमला किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल रहा और पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी।

घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। प्रारंभिक जांच में हमलावर घटना के बाद मौके से फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि हत्या के पीछे की वजह का अभी स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है। मृतक के खिलाफ पहले दर्ज बेअदबी मामले समेत सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। परिजनों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। तकनीकी साक्ष्यों का भी विश्लेषण किया जा रहा है।

### आरोपियों की तलाश जारी

*पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज, फॉरेंसिक साक्ष्यों और अन्य सुरागों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना के कारणों और हमलावरों की भूमिका पर अंतिम स्थिति स्पष्ट हो सकेगी*

होर्मुज में तनाव चरम पर, ईरान-अमेरिका में टकराव

# यूएई के टैंकरों पर मिसाइल हमला, एक भारतीय की मौत

**एजेंसी | तेहरान**



पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य टकराव ने नया मोड़ ले लिया है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे उसके दो तेल टैंकरों पर ईरान ने क्रूज़ मिसाइलों से हमला किया, जिसमें एक भारतीय चालक दल सदस्य की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हुए। दोनों जहाजों में आग लग गई, जिस पर बाद में काबू पा लिया गया। यूएई ने इस हमले को अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन बताया है।

इसी बीच, ईरान ने बहरीन और जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर भी मिसाइल हमले करने का दावा किया। जॉर्डन की सेना ने अपने हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने वाली चार बैलिस्टिक मिसाइलों को बीच रास्ते में ही नष्ट कर दिया। अमेरिका ने इसके जवाब में लगातार तीसरी रात ईरान के कई सैन्य ठिकानों पर करीब पांच घंटे तक हवाई हमले किए।

तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों की सुरक्षा के लिए ट्रांजिट शुल्क (टोल) वसूलने का प्रस्ताव रखा है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून के विशेषज्ञों का कहना है कि होर्मुज जैसे अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग पर किसी एक देश द्वारा एकतरफा शुल्क लगाना कानूनी रूप से विवादास्पद होगा।

### वैश्विक बाजारों पर असर

*होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक है और वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। ताजा घटनाक्रम के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेजी दर्ज की गई है। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यदि क्षेत्रीय तनाव और बढ़ा तो ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री व्यापार और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर व्यापक असर पड़ सकता है।*

# मोहाली बनेगा पंजाब की सिलिकॉन वैली, निवेश के लिए सही समयः मान

## उद्योगपतियों से किया निवेश का आह्वान, बोले- इसी महीने एक और बड़ी स्टील कंपनी करेगी निवेश की घोषणा

**समर न्यूज़ | मोहाली**



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उद्योग जगत से राज्य में निवेश बढ़ाने की अपील करते हुए कहा कि पंजाब में निवेश के लिए इससे बेहतर समय नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों के लिए पारदर्शी और निवेश-अनुकूल माहौल उपलब्ध करा रही है।

इसी के परिणामस्वरूप राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियां पंजाब में निवेश के लिए आगे आ रही हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि इसी महीने एक और बड़ी स्टील कंपनी राज्य में निवेश की घोषणा करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य मोहाली को देश के प्रमुख प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप केंद्र के रूप में विकसित करना है।

उन्होंने कहा कि आईटी सिटी, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, उच्च शिक्षण संस्थानों और कुशल मानव संसाधन की उपलब्धता के कारण मोहाली में अपार संभावनाएं हैं। इसी सोच के तहत इसे 'पंजाब की सिलिकॉन वैली' के रूप में विकसित किया जा रहा है। मान ने कहा कि राज्य सरकार ने उद्योगों के लिए अनुमति प्रक्रिया को सरल बनाया है।

सिंगल विंडो सिस्टम, समयबद्ध मंजूरियां व नई औद्योगिक एवं व्यापार विकास नीति के जरिए निवेशकों को सुविधाएं दी जा रही हैं। सरकार का उद्देश्य केवल निवेश आकर्षित करना नहीं, बल्कि युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करना भी है।

### स्टील, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स पर विशेष जोर

*मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में स्टील, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि आधारित उद्योग और विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से निवेश बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में कई नई औद्योगिक परियोजनाएं शुरू होंगी, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। सरकार मोहाली में सेमीकंडक्टर और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) आधारित उद्योगों को भी बढ़ावा दे रही है।*

### रोजगार और आर्थिक विकास पर फोकस

*मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक निवेश का सीधा लाभ पंजाब के युवाओं को रोजगार के रूप में मिलेगा। उन्होंने उद्योगपतियों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार हर स्तर पर सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। मान के अनुसार, पंजाब को फिर से देश के अग्रणी औद्योगिक राज्यों में शामिल करने के लिए सरकार बुनियादी ढांचे, कौशल विकास और निवेश-अनुकूल नीतियों पर लगातार काम कर रही है।*

# डेढ़ साल बाद चंडीगढ़ आएंगे पीएम मोदी

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब डेढ़ वर्ष बाद चंडीगढ़ के दौरे पर पहुंचेंगे। इस दौरान वह शहर से जुड़ी तीन प्रमुख विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।



कार्यक्रम के दौरान पंजाब से जुड़े कुछ विकास कार्यों और योजनाओं पर भी विशेष फोकस रहने की संभावना है। प्रशासन ने सुरक्षा और आयोजन की तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। विभिन्न एजेंसियां कार्यक्रम स्थल पर अंतिम व्यवस्थाओं में जुटी हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए लगभग 6 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में अत्याधुनिक जर्मन हैंगर पंडाल तैयार किया गया है।

इसमें बड़ी संख्या में लोगों के बैठने, सुरक्षा, मीडिया और अन्य व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। प्रशासन ने ट्रैफिक और सुरक्षा को लेकर भी विस्तृत योजना बनाई है। प्रधानमंत्री के दौरे को चंडीगढ़ और आसपास के क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# अमृतसर में 30 किलो हेरोइन बरामद

**दो तस्कर गिरफ्तार, सीमा पार नेटवर्क की जांच तेज**

**समर न्यूज़ | अमृतसर**

पंजाब पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अमृतसर में दो कथित तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से करीब 30 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह खेप सीमा पार से पंजाब पहुंचाई गई थी और इसे आगे विभिन्न राज्यों में सप्लाई किया जाना था। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करोड़ों रुपये आंकी जा रही है।

पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर विशेष अभियान चलाकर दोनों आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ में उनके अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क से जुड़े होने के संकेत मिले हैं। मामले में स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि हेरोइन की खेप किस माध्यम से भारत पहुंची और इसमें सीमा पार बैठे तस्करों की क्या भूमिका रही।

पुलिस आरोपियों के मोबाइल फोन, वित्तीय लेनदेन और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की भी जांच कर रही है। पंजाब पुलिस का कहना है कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य संदिग्धों की पहचान की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 8699221114 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

BOOK YOUR ADVERTISEMENT

If you want to publish your advertisement on our newspaper

समर एक्सप्रेस

CONTACT:
+91 6283 860 059

**पेज 1 एंकर स्टोरी** सरकार ने वर्षभर के कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई, 6.5 लाख ध्वज वितरित होंगे व 'रविदास गार्डन' बनेंगे

# 650वें प्रकाश पर्व पर श्री गुरु रविदास जी को समर्पित होंगे ड्रोन शो

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में पंजाब सरकार ने राज्यभर में वर्षभर चलने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की है।

सरकार के अनुसार, इस अवसर पर गुरु रविदास जी के जीवन, संदेश और सामाजिक समानता के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ड्रोन शो, शोभायात्राएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम और जनजागरण अभियान आयोजित किए जाएंगे।

सरकारी योजना के तहत पंजाब के विभिन्न शहरों में आधुनिक तकनीक पर आधारित ड्रोन शो के माध्यम से श्री गुरु रविदास जी के जीवन, शिक्षाओं और सामाजिक सुधार से जुड़े प्रसंगों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा श्रद्धालुओं और आम नागरिकों में 6.5 लाख ध्वज वितरित किए जाएंगे। सरकार का कहना है कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य गुरु रविदास जी के समानता, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव के संदेश को व्यापक स्तर पर प्रसारित करना है।



### 'रन ऑफ इक्वेलिटी' से समानता का संदेश

*पूरे पंजाब में 'रन ऑफ इक्वेलिटी' (समानता दौड़) का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें विद्यार्थियों, युवाओं, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने की योजना है। इस आयोजन का उद्देश्य जाति, वर्ग और धर्म से ऊपर उठकर समानता, सामाजिक न्याय और भाईचारे का संदेश देना है। राज्य सरकार का दावा है कि 650वें प्रकाश पर्व के कार्यक्रम केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि सामाजिक समरसता और जनजागरूकता के व्यापक अभियान का स्वरूप भी ग्रहण करेंगे। वहीं, विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने भी इन आयोजनों का स्वागत करते हुए अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी की अपील की है।*

### चार शहरों में निकलेगी भव्य शोभायात्रा

*प्रकाश पर्व के अवसर पर वाराणसी सहित चार प्रमुख शहरों में भव्य शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। इन आयोजनों में धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है। शोभायात्राओं के दौरान कीर्तन, धार्मिक झांकियां और गुरु रविदास जी के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी। सरकार ने विभिन्न विभागों को कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए समन्वय के निर्देश दिए हैं। सुरक्षा, यातायात और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर भी संबंधित जिलों के प्रशासन को पहले से तैयारियां करने के लिए कहा गया है।*

### 650 एकड़ में विकसित होंगे 'रविदास गार्डन'

*सरकार ने घोषणा की है कि राज्य में कुल 650 एकड़ क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से 'रविदास गार्डन' विकसित किए जाएंगे। इन उद्यानों का उद्देश्य हरित क्षेत्र बढ़ाने के साथ-साथ गुरु रविदास जी के जीवन और विचारों से लोगों को जोड़ना है। अधिकारियों के अनुसार, इन स्थलों पर पौधारोपण, बैठने की व्यवस्था और सामाजिक गतिविधियों के लिए आवश्यक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।*

# तीन-भाषा नीति पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट ने किया इन्कार

**अदालत ने कहा- कोई भी भाषा सीखना कभी व्यर्थ नहीं जाता, सीबीएसई की नई व्यवस्था पर तत्काल रोक नहीं**

**एजेंसी | नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने सीबीएसई द्वारा नए शैक्षणिक सत्र से लागू की गई तीन-भाषा नीति पर अंतरिम रोक लगाने से इन्कार कर दिया है। अदालत ने कहा कि 'कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता।' न्यायालय ने माना कि भाषा सीखना विद्यार्थियों के बौद्धिक और सांस्कृतिक विकास में सहायक होता है।

हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया कि याचिका में उठाए गए संवैधानिक और कानूनी मुद्दों पर आगे सुनवाई जारी रहेगी। याचिकाकर्ताओं ने तीन-भाषा नीति को चुनौती देते हुए कहा था कि इसे कुछ राज्यों पर उनकी सहमति के बिना लागू किया जा रहा है। दूसरी ओर, केंद्र सरकार और सीबीएसई ने अदालत को बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विद्यार्थियों को बहुभाषी शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल नीति के क्रियान्वयन पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि मामले के सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

तब तक सीबीएसई की तीन-भाषा व्यवस्था नए सत्र में लागू रहेगी। अदालत ने संकेत दिया कि मामले में संघीय ढांचे, राज्यों के अधिकार और शिक्षा नीति से जुड़े कानूनी पहलुओं पर विस्तृत सुनवाई की जाएगी। अगली सुनवाई में केंद्र, सीबीएसई और याचिकाकर्ताओं के तर्कों पर विचार किया जाएगा।